# हिन्दी अनिवार्य
# कक्षा - 12
# वितान

**प्रश्न.1 सिल्वर वैडिंग पाठ के लेखक का क्या नाम है?**

**उत्तर:-** मनोहर श्याम जोशी

**प्रश्न.2 सिल्वर वैडिंग कहानी के कथानायक का क्या नाम है?**

**उत्तर:-** यशोधर पंत

**प्रश्न.3 यशोधर का पूरा नाम क्या था**

**उत्तर:-** वाई. डी. पंत

**प्रश्न.4 यशेधर बाबू के विवाह की कौनसी वर्षगांठ मनाई गई ?**

**उत्तर:-** पच्चीसवीं वर्षगांठ

**प्रश्न.5 लेखक ने यशोधर बाबू को किशनदा का कौन-सा पुत्र कहा है?**

**उत्तर:-** मानस पुत्र

**प्रश्न.6 यशोधर बाबू मूलतः कहां के रहने वाले थे?**

**उत्तर:-** कुमाऊं

**प्रश्न.7 यशोधर बाबू के कितने बेटे थे?**

**उत्तर:-** तीन

**प्रश्न.8 सिल्वर वैडिंग पर भूषण ने अपने पिता को क्या उपहार दिया ?**

**उत्तर:-** ऊनी ड्रेसिंग गाउन

**प्रश्न.9 किशनदा की कौनसी छवि यशेधर बाबू के मन में बसी हुई थी?**

**उत्तर:-** कुर्ते-पाजामे के ऊपर ऊनी-गाउन पहने, सिर पर गोल विलायती टोपी ओर पांवों में देशी खड़ाऊं तथा हाथ में एक छड़ी लिए सुबह की सैर करते किशनदा कि वह छवि वे कभी नहीं भुला सके।

**प्रश्न.11 यशोधर बाबू का व्यवहार आपको कैसा लगा?**

**उत्तर:-** यशोधर डैमोक्रट है। अपनी पत्नी तथा बच्चों पर अपनी बातें थोपते नहीं और उनको अपनी तरह जीने देते हैं। अत: कहा जा सकता है कि उनका व्यवहार सभी के प्रति विनम्रता सम्मान एवं सहानुभूति का है।

**प्रश्न.12 यशोधर बाबू दफ्तर में अपने मातहतों से कैसा व्यवहार करते हैं?**

**अथवा**

**सिल्वर वैडिंग कहानी के आधार पर सेक्शन ऑफिसर यशोधर पंत और उनके सहयोगी कर्मचारी के परस्पर संबंधों पर टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर:- यशोधर बाबू अपने मातहतों से दफ्तर में** एक दूरी बनाकर रखते थे। वे स्वयं साढ़े पांच बजे तक दफ्तर में बैठते थे। जाते समय हल्की चुटीली बात करके बाबुओं से दिनभर की कटुता को हल्का करते थे।

**प्रश्न.13 सिल्वर वैडिंग कहानी में यशोधर बाबू समय के साथ ढल सकने में असफल रहते हैं। ऐसा क्यों ?**

**उत्तर:-** वे पुरानी परम्पराओं के थे उन्हें आधुनिक पहनाव पाश्चात्य जीवन शैली तथा रहन-सहन से नफरत है इसलिए वे समय के साथ ढल सकने में असमर्थ रहते हैं।

**प्रश्न.14 सिल्वर वैडिंग कहानी की मूल संवेदना किसे कहा जा सकता है**

**उत्तर:-** पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव को।

**प्रश्न.15 क्या पीढ़ी के अन्तराल को सिल्वर वैडिंग कहानी की मूल संवेदना कहा जा सकता है।**

**उत्तर:-** कहानीकार ने सिल्वर वैडिंग को आधार बनाकर दो पीढ़ियों के विचार-भेद का चित्रण किया है। दोनों का यह मतभेद विभिन्न अवसरों पर प्रकट हुआ है। अत: पीढ़ी अन्तराल को कहानी की मूल संवेदना मानना उचित ही है।

**प्रश्न.16 आप लोगों की देखा-देखी सेक्शन की घड़ी भी सुस्त हो गई है। यशोधर पंत जी ने किन से मिली परम्परा के तहत ऐसा कहा था?**

**उत्तर:-** यशोधर पंत ने किशनदा से मिली हुई परम्परा का पालन करते हुए उक्त वाक्य कहा था।

**प्रश्न.17 यशोधर पंत जी को असिस्टेंट ग्रेड में आए नए छोकरे चड्ढ़ा के लिए समहाउ इंप्राउड किस संदर्भ में लगता था?**

**उत्तर:-** उसकी चौड़ी मोहरी वाली पतलून और ऊंची एडी वाले जूते के लिए।

**प्रश्न.18 मेनन ने यशोधर बाबू को किस बात की बधाई दी?**

**उत्तर:-** उनकी सिल्वर वैडिंग की।

**प्रश्न.19 कौन-सी बात यशोधर बाबू की पत्नी व बच्चो को अखरती थी?**

**उत्तर:-** उनका दफ्तर के बाद रोज-रोज मंदिर जाना और इतने ज्यादा व्रत करना ये बात उनकी पत्नी व बच्चों को बहुत अखरती थी।

**प्रश्न.20 यशोधर बाबू की पत्नी का व्यवहार कैसा था ?**

**उत्तर:-** यशोधर बाबू की पत्नी अपने मूल संस्कारों से किसी भी तरह से आधुनिक नहीं है तथापि बच्चों की तरफदारी करने की मातृ सुलभ मजबूरी ने उन्हें भी मॉड बना दिया है।